फोन नं0—05442—245381

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 6265 / एम—6 / 99 दिनांक 09.06.2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 09.06.2026 को ''लालगंज के ददरी गांव में तीन महीने से पानी बंदः जल जीवन मिशन से पेयजल संकट, ग्रामीण लगा चुके गुहार'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 09.06.2026 को ''लालगंज के ददरी गांव में तीन महीने से पानी बंदः जल जीवन मिशन से पेयजल संकट, ग्रामीण लगा चुके गुहार'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड लालगंज में महादेव ग्राम समूह पेयजल—सतही श्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम ददरी में कुल 121 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, जिसमें 85 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों मे जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। आराजक तत्वों द्वारा पाइप लाइन/वाल्व क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण 15 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति प्रभावित है। उक्त के समाधान हेतु दिनांक 15.06.2026 तक मरम्मतीकरण कार्य/ वाल्व अधिष्ठापन पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता